मिशन दक्ष के तहत कराई जाएगी सिविल सर्विसेज की तैयारी : राज

जासं, गुरुग्राम : श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय (एसवीएसयू) ने स्किल इनोवेटर्स फाउंडेशन का गठन किया है। यह फाउंडेशन सिविल सर्विसेज की तैयारियों के लिए मिशन दक्ष चलाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने कहा कि हर युवा पढ़ाई के दौरान सिविल सर्विसेज में जाने का सपना जरूर देखता है। प्रशिक्षण और संसाधनों के अभाव में कुछ ही युवाओं का सपना साकार हो पाता है। इसलिए अब यूपीएससी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मिशन दक्ष शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत गुरुग्राम स्थित विश्वविद्यालय के ट्रांजिट कैंपस में सायंकालीन प्रशिक्षण शुरू होगा।

राज नेहरू, कुलपति, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय

एक साल तक दिया जाएगा प्रशिक्षण

: मिशन दक्ष के प्रथम चरण में 125 विद्यार्थियों को सिविल सर्विसेज परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। यह एक साल का प्रशिक्षण होगा। उन्होंने कहा कि लोकसेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रदेश के विद्यार्थी अभी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने बताया कि टाप टेन में भी हरियाणा अपनी जगह नहीं बना पा रहा है। इसलिए विश्वविद्यालय ने यह अनोखी पहल शुरू की है, ताकि मेधावी प्रशिक्षण के अभाव में लक्ष्यों से पीछे न रहें।